Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# आपदा प्रभावितों की समस्याओं का हल निकालना पहली प्राथमिकता

**दौरा**

## सीएम ने बरम पहुंचकर सीमांत के आपदा प्रभावितों की समस्याओं को सुना

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ। सीमांत तहसील बंगापानी के बरम में मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिह रावत ने शुक्रवार को आपदा प्रभावितों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमांत के आपदा प्रभावितों के लिए प्रदेश सरकार कारगर कदम उठा रही है।

जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री दोपहर एक बजकर तीस मिनट पर हेलीकाप्टर से बंगापानी तहसील के अन्तर्गत बरम पहुंचे। वहां उन्होने आपदा प्रभावित राहत केंन्द्रों का निरीक्षण कर आपदा प्रभावितों से मुलाकात की।

पत्रकारों से वार्ता के दौरान सीएम ने कहा कि मानसून काल की आपदा से सीमांत तहसील क्षेत्र के कई गांव और परिवार खासे प्रभावित हुए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभावितों के विस्थापन के प्रति गंभीरता से काम किया जा रहा है। सीमांत के आपदा के लिए सुरक्षित स्थल की भूगर्भीय जांच करने का



गेस्ट हाउस में सीएम त्रिवेन्द्र सिह रावत का स्वागत करते हुए बीजेपी कार्यकता।

काम जोरो पर चल रहा है। आने वाले माह के प्रथम सप्ताह के भीतर प्रभावितों के लिए चयनित सुरक्षित स्थान का सर्वे का काम पूरा होने के बाद तुरंत ही प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर बसा दिया जायेगा।

सीएम ने कहा कि सीमांत तहसील धारचूला व मुनस्यारी का बड़ा क्षेत्र आपदा से इस बार खासा प्रभावित हुआ है। 2013 के बाद की यह सबसे बडी आपदा सीमांत के गांवों में भीषण तबाही का मंजर लेकर आई है। इस आपदा में सीमांत में पचीस लोगों की मौत हुई है। इस आपदा ने उनके परिवार तो छीने ही साथ पीड़ितों के सामने आर्थिक संकट भी खड़ा हुआ है।

सीएम ने कहा कि उनकी सर्वप्रथम प्राथमिकता है कि हर हाल में सीमांत के आपदा प्रभावितों की समस्याओं का हल निकालने के लिए वे सीमांत में आये है। 24 जुलाई की रात सीमांत में आपदा की चपेट में आये पचीस लोगों की दर्दनाक मौत पर सीएम ने दुख जताते हुए शोक प्रकट किया।

वही सीमांत में पहली बार पहुचें मुख्यमंत्री ने आपदा प्रभावितों की समस्याओं का निराकरण करने का उन्हें भरोसा भी दिलाया।

इस दोरान जिलाधिकारी वीके जोगदडे व मुख्य विकास अधिकरी डा. गहरवार व पुलिस अद्यीक्षक प्रीति प्रियदर्शनी व धाराचूला के उपजिलाधिकारी एके शुक्ला मौके पर मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने शुक्रवार को पिथौरागढ़ में आपदा प्रभावितों के लिए स्थापित राहत शिविरों का निरीक्षण कर प्रभावितों से मुलाकात करी। मुख्यमंत्री शुक्रवार दोपहर पिथौरागढ़ पहुंचे। आपदा राहत शिविरों के निरीक्षण के उपरांत नवनिर्मित कार पार्किंग एवं नर्सिंग कॉलेज का निरीक्षण भी किया। शाम को मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इसके बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ जिला समीक्षा बैठक व कार्यकर्त्ताओं के साथ बैठक में हिस्सा लिया। रात्रि विश्राम पिथौरागढ़ में करने के बाद मुख्यमंत्री शनिवार को दून लौटेंगे।

## न्यूज डायरी

### पानी और बिजली के बिलों को माफ करने के लिए जलाई होली

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड वनाधिकार कांग्रेस और सहयोगी संगठनों ने पानी और बिजली के बिलों को माफ किये जाने की मांग को लेकर दिलाराम बाजार स्थित जल संस्थान के कार्यालय के बाहर पानी और बिजली के बिलों की होली जलाई और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर धरना दिया। उत्तराखंड वनाधिकार कांग्रेस और सहयोगी संगठनों के कार्यकर्ता किशोर उपाध्याय के नेतृत्व में दिलाराम बाजार स्थित जल संस्थान के कार्यालय के बाहर इकटठा हुए और बिजली व पानी के बिलों को माफ किये जाने व भविष्य में बिजली व पानी को नि:शुल्क किया जाये की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया और बाद में बिजली और पानी के बिलों की होली जलाई।

### नौकरी दिलाने के नाम पर तीस हजार की ठगी

**संवाददाता** मंगलौर। कोतवाली क्षेत्र के मुंडियाकी गांव में एक युवक से हरिद्वार की एक कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर तीस हजार की ठगी कर ली है। पीड़ित ने इस संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। मुंडियाकी गांव निवासी छोटेलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसे पॉलीटेक्निक की है। उसको एक व्यक्ति मिला। उसने बताया कि वह एक कंपनी में एचआर है। वह उसकी नौकरी अपनी कंपनी में लगवा देगा। इसके लिए उसको ऑनलाइन एक परीक्षा देनी होगी। उसने तीन अन्य व्यक्तियों से बात कराई। फोन पर उन्होंने बताया कि वह भी उक्त कंपनी में काम करते हैं। इसके बाद आरोपित ने विभिन्न मद में उससे तीस हजार रुपये जमा कराए।

### भारत में खेल प्रेमियों के लिए आने वाला समय उत्साहजनक

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय खेल प्रेमियों के लिये आने वाला समय उत्साह जनक हो सकता है। इंडियन प्रीमियर लीग का 13वां संस्करण अबुधाबी में शुरू होने वाला है और इसके साथ ही लोकप्रिय यूएफसी फाइट आइसलैंड का दूसरा संस्करण इस खेल में चार चांद लगा सकता है क्योंकि यूएई की राजधानी कोविड–19 महामारी के बीच वैश्विक पर्यटन एवं खेल उद्योग में मंदी दूर करने के लिये अग्रणी पंक्ति का स्थल बनकर उभरा है। अबुधाबी के संस्कृति एवं पर्यटन विभाग और विश्व के मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स संगठन यूएफसी ने आज घोषणा की कि जबरदस्त लोकप्रिय अल्टीमेट फाइटिंग चौंपियनशिप सीरीज रिटर्न टु यूएफसी फाइट आइसलैंड का आयोजन अबुधाबी के लोकप्रिय, मनोरंजन एवं पर्यटन स्थल यास आइसलैंडपर 26 सितंबर से 25 अक्तूबर तक किया जायेगा।

## नेता प्रतिपक्ष इंदिरा हृदयेश व धारचूला विधायक धामी कोरोना पाजिटिव

**संवाददाता** हल्द्वानी। उत्तराखंड की नेता प्रतिपक्ष डॉ. इंदिरा हृदयेश और धारचूला से कांग्रेस के विधायक हरीश धामी की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। दो दिन पहले लक्षण दिखने के बाद नेता प्रतिपक्ष ने कोरोना जांच के लिए सैंपल दिए थे। शुक्रवार को उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। फिलहाल उन्हें सुशीला तिवारी हस्पताल में एडमिट कराया गया है। उन्हें निमोनिया की शिकायत है। चिकित्सकों के मुताबिक उनकी हालत स्थिर है। यदि परेशानी बढ़ती है तो हायर सेंटर रेफर किया जाएगा। जबकि विधायक धामी एंटीजन टेस्ट में पॉजिटिव मिले हैं। वह देहरादून के एक निजी अस्पताल में आइसोलेट किए गए हैं।



उत्तराखंड में कोरोना संक्रमितों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। भाजप प्रदेश अध्यक्ष बंसीधर भगत के बाद अब उत्तराखंड की नेता प्रतिपक्ष डॉ. इंदिरा हृदयेश की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। जिसके बाद उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल में एडमिट करा दिया गया है। बता दें कि इसके पहले उनके पुत्र सुमित हृदयेश भी पॉजिटिव मिल चुके हैं। फिलहाल वो स्वस्थ हो चुके हैं।

**11 माइक्रो कंटेनमेंट जोन बनाए गए:** कोरोना के बढ़ते मामलों के बाद प्रशासन ने हल्द्वानी में नए कंटेनमेंट जोन बनाए हैं।

## शनिवार व रविवार को बाजार न किये जाये बंद

■उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने शनिवार व रविवार को बाजार बंद न करने की मांग को लेकर जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है और इस दिशा में जल्द ही ठोस पहल किये जाने का आग्रह किया है। दल ने कहा कि बाजार यदि बंद करना है तो सोमवार व मंगलवार को किया जाये। दल के महानगर अध्यक्ष सुनील ध्यानी के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिलाध्किारी कार्यालय पहुंचे और वहां पर प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया और ज्ञापन में कहा गया है कि शनिवार और रविवार का बाजार बंद न किया जाये। इस अवसर पर ज्ञापन में कहा गया कि कोरोना वायरास कोविड 19 संक्रमण काल के दौरान मार्च के अंतिम सप्ताह में पूरे भारतवर्ष में लोकडावन पूर्ण रूप से लगा दिया था।

ज्ञापन में कहा गया कि जिससे व्यापारियों के साथ ही साथ लोगों का पूरा व्यवसाय चौपट हो गया। ज्ञापन में कहा गया कि लाखों लोगों के रोजगार छीन गये और साथ ही व्यवसायिक प्रतिष्ठान ठप्प पड़ गये। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान में कोरोना पाँव पसार चुका है। जबकि कुछ व्यवसाय चलने से रोजगार लोगो को इस बीच मिल रहा है, लेकिन व्यापार मंडल शनिवार रविवार को बाजार बंद करने के लिये अमादा है जो औचित्वहिंन है, जबकि बाजार बंद करने पर व्यापार मंडल दो धड़ों में बंटा है और ऐसी स्थिति में बाजार को बंद किया जाना अनुचित है और इसके साथ ही साथ शनिवार और रविवार के दिन आमजन मार्केटिंग करता है।

चाहे वर्कशॉप से संबंधित हो या अन्य व्यवसाय शनिवार और रविवार को ही कार्य होता है।

## विधुत विभाग की विजिलेंस टीम ने पुरोला व मोरी में चलाया छापामार अभियान

**संवाददाता**

पुरोला। बिजली चोरी के खिलाफ विद्युत विभाग की सतर्कताटीम का पुरोला,मोरी विकास खंड में विधुत चोरी करने वालों के विरुद्ध जारी छापामारी व्यापक अभियान में टीम ने बुधवार–बृहस्पतिवार को पुरोला–मोरी के दर्जनों गांव में बगैर कनेक्शन के सीधे चलती लाईन में कांटा डालकर बिजली चोरी करनें के मामले में तीन दर्जन लोगों के खिलाफ थाना पुरोला व मोरी में बिजली चोरी को लेकर मुकदमा दर्ज कराया है। सतर्कता टीम ने गांव–गांव में विधुत संयोजनों की भी जांच की।

दून से आई विधुत विभाग की सतर्कता टीम ने बुधवार को

**बिजली चोरी को लेकर पुरोला व मोरी में 34 के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

हुडोली,गैंडा,पाणी गांव,कंताडी,पुरोला नैलाडी,कंताडी,सौंदाणी आदि गांव में विधुत संयोजन का निरीक्षण कर जंहा लाईन में कांटा डालकर विधुत चोरी करनें वालों का चालान किया वहीं सतर्कता टीम ने बसन्त कुमार,सिह,रविन्द्रसिह,किशन सिंह,शीशपाल सिंह,अमलेश,सुरेन्द्र सिंह, राजन सिह आदि लोगों के अबैध विद्युत संयोजन को व विधुत चोरी मामलें में चालान करनें के साथ विद्युत थाना पुरोला में मुकदमा दर्ज कराया गया।

सतर्कता टीम में गुरूवार को भी मोरी विकास खंड के नैटवाड,सांकरी व मोरी बाजार व आधा दर्जन गांव छापामारी कर अबैध विधुत संयोजन को काटकर 14 लोगों का चालान,थाना मोरी में मुकदमा दर्ज कराया।

सतर्कता टीम के सहायक अभियंता हनुमान सिंह व कनिष्ठ अभियंता एनएस राणा ने बताया कि विधुत चोरी की शिकायत पर देहरादून की विजिलेंस टीम ने दो दिन में पुरोला व मोरी के दर्जनों गांव व बाजार क्षेत्र में छापेमारी में दर्जनों अबैध संयोजन पकडे हैं, विधुत लाईनों में कांटा डालकर बिजली चोरी के कई मामले भी पकडे गये है जबकि पुरोला 20,मोरी 14 लोगों का बिजली चोरी को लेकर चालान के साथ ही मुकदमा भी दर्ज कराया गया है।

## डीएचएल एक्सप्रेस ने भारत में 2021 से दरों में वृद्धि की घोषणा

**संवाददाता** रूड़की। विश्व के अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय एक्सप्रेस सेवा प्रदाता डीएचएल एक्सप्रेस ने आज कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है, जो 1 जनवरी, 2021 से लागू हो जाएगी। भारत में 2020 की तुलना में शिपमेंट का मूल्य 6.9प्रतिशत बढ़ जायेगा। इसके अलावा जरूरत से ज्यादा वजन वाले शिपमेंट्स और नॉन–स्टैकेबल पैलेट्स के लिये सरचार्ज को प्रति पीस 7,250 रूपये और प्रति पैलेट 15,000 रूपये पर एडजस्ट किया जायेगा। यह इसके नेटवर्क की लचीलता को निरंतर सुनिश्चित करता है और लगातार उच्च सेवा मानकों को बरकरार रखता है। डीएचएल एक्सप्रेस इंडिया के कंट्री मैनेजर आर. एस. सुब्रमण्यिन ने कहा, ''डीएचएल एक्सप्रेस में हम लगातार अभूतपूर्व गुणवत्ता की आपूर्ति और अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करने का प्रयास करते हैं। इसलिये हमें अवसंरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) पर निवेश करना पड़ता है।